यह भारतीय बैडमिंटन के लिए गर्व का क्षण है। युवाओं ने इस अवसर पर आगे बढ़कर और पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर सफलता और इतिहास में योगदान देकर चयन को सही ठहराया है। - संजय मिश्रा

भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव, पी.वी. सिंधु के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

मोहम्मद सिराज

शनिवार को राजकोट में इंग्लैंड भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में 71.1 ओवर में 319 रन पर सिमट गयी। वहीं गेंदबाजों के शानदार प्रयास से भारत ने पहली पारी के हिसाब से 126 रन की बढ़त बनायी। मोहम्मद सिराज के चार विकेट और कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के दो दो विकेट झटकने से इंग्लैंड की टीम शनिवार को यहां भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में 71.1 ओवर में 319 रन पर सिमट गयी। गेंदबाजों के शानदार प्रयास से भारत ने पहली पारी के हिसाब से 126 रन की बढ़त बनायी।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

यशस्वी के शतक से भारत मजबूत

राजकोट 17 फरवरी। गेंदबाजो के कातिलाना प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल (104 रिटायर्ड हर्ट) के शानदार शतक की बदौलत भारत ने यहां खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बना कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 319 रनो पर सिमट गयी थी। 126 रन की लीड के साथ भारत ने दूसरी पारी में कप्तान रोहित शर्मा (19) और रजत पाटीदार (0) का विकेट खोकर 196 रन बना लिये थे। दिन का खेल खत्म होने के समय शुभमन गिल (65) और नाइटवाच मैन की भूमिका में कुलदीप यादव तीन रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। भारत की अब तक की कुल लीड 322 रनो की हो चुकी है जबकि उसके आठ खिलाड़ी आउट होने बाकी हैं।

हालांकि रविचंद्रन अश्विन के पारिवारिक कारणों से बीच में मैच छोड़ने के चलते भारत की ओर से दूसरी पारी में अब सिर्फ सात ही बल्लेबाज आउट होने बाकी हैं। आज के खेल का मुख्य आकर्षण यशस्वी जायसवाल का शतक रहा जिन्होने अपनी पारी की शुरुआत बेहद सतर्क तरीके से की और विकेट पर नजर जमाने के बाद अंग्रेज गेंदबाजों की जमकर क्लास ली। अपने टेस्ट करियर के सातवें मैच में ही उन्होने अपना तीसरा शतक 122 गेंदों में नौ चौकों और पांच छक्कों की मदद से पूरा किया। इससे पहले यशस्वी पिछले टेस्ट में दोहरा शतक जड़ चुके हैं।

मैदान पर बैठे दर्शकों ने उनकी तूफानी बल्लेबाजी का लुफ्त उठाया। यशस्वी मांसपेशियों में खिंचाव के कारण 104 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौट गये। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने मेहमान बल्लेबाजों को बांध कर रखा। बेन डकेट (153) के अलावा कोई भी इंग्लिश बल्लेबाज क्रीज पर अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहा। ओली पोप (39) और कप्तान बेन स्टोक्स (41) ने कुछ समय क्रीज पर रह कर भारतीय गेंदबाजों का सामना करने की हिम्मत दिखायी। इंग्लैंड की पारी को समेटने में मोहम्मद सिराज (84 रन पर चार विकेट), कुलदीप यादव (77 रन पर दो)।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैमीसन चोट के कारण बाहर

वेलिंगटन, 17 फरवरी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को पीठ की चोट के कारण कम से कम अगली गर्मियों तक टीम से बाहर कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड के पहले टेस्ट के बाद तेज गेंदबाज को स्कैन के लिए भेजा गया था जहां उनकी पीठ के उसी हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर मिला जहां पिछले साल जैमीसन का ऑपरेशन किया गया था। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें दूसरी सर्जरी कराने की आवश्यकता नहीं होगी, लेकिन चोट को ठीक होने के लिये आराम और पुनर्वास की जरुरत होगी। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि तेज गेंदबाज अब तक मिले समर्थन के लिए आभारी है। जैमीसन ने कहा पिछले कुछ दिन मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण रहे हैं लेकिन मैं अपने साथी, परिवार, टीम के साथियों, सहयोगी स्टाफ और चिकित्सा पेशेवरों से मिले समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं। मुझे पता है कि एक क्रिकेटर के रूप में चोटें जीवन का हिस्सा हैं और मेरी उम्र में मुझे उम्मीद है कि मेरे पास अभी भी खेलने के कई दिन बाकी हैं।

अलकराज अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में

ब्यूनस आयर्स, 17 फरवरी। स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अलकराज ने इतालवी क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी पर 7-6 (1), 6-1 से जीत के साथ अर्जेंटीना ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ब्यूनस आयर्स लॉन टेनिस क्लब की आउटडोर क्ले पर एक घंटे 40 मिनट के खेल में जीत हासिल करने के लिए 27 रिटर्न पॉइंट जीते। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अलकराज ने अपने 153वीं रैंक के प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, मुझे लगता है कि पहले सेट में वह इतने ऊंचे स्तर पर खेले। उनकी सर्विस वापस करना और हवा के साथ चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में वापसी करना वास्तव में कठिन था।

तेंदुलकर के दौरे से कश्मीरी बल्ला निर्माताओं में उत्साह

श्रीनगर, 17 फरवरी। । महान सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को दक्षिण कश्मीर में एक बल्ला निर्माण इकाई का दौरा किया, जिससे उद्योग को काफी बढ़ावा मिलने की संभावना है। तेंदुलकर, उनकी पत्नी अंजलि और बेटी सारा ने शनिवार को चारसू अवंतीपोरा में एमजे स्पोर्ट्स बैट निर्माण इकाई का दौरा किया और लगभग एक घंटा बिताया।

एमजे स्पोर्ट्स के मालिक मोहम्मद शाहीन ने 'यूनीवार्ता' को बताया, तेंदुलकर की यात्रा से कश्मीर विलो बैट को काफी बढ़ावा मिलेगा, जिसकी काफी मांग है। क्रिकेट के दिग्गज को कश्मीर क्रिकेट बल्लों के बारे में बहुत सारी जानकारी थी और उनके कुछ सवाल भी थे। वह हमारे क्रिकेट बल्लों की गुणवत्ता से बेहद प्रभावित थे।

तेंदुलकर बल्ला निर्माता इकाई में कम से कम एक घंटे तक रुके। दक्षिण कश्मीर में 300 से अधिक बैट निर्माण इकाइयाँ हैं जो देश के भीतर और बाहर लगभग चार मिलियन क्रिकेट बैट की आपूर्ति करती हैं। 2022 टी20 क्रिकेट विश्व कप में टूर्नामेंट का सबसे लंबा छक्का संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बल्लेबाज जुनैद सिद्दीकी ने अनंतनाग जिले में स्थित जीआर8 स्पोर्ट्स द्वारा निर्मित कश्मीर विलो बैट से मारा था।

एफआईएच हॉकी प्रो. लीग : भारत ने आयरलैंड को 1-0 से हराया

भुवनेश्वर, 17 फरवरी। गुरजंत सिंह के आखिरी क्षणों में किये गये शानदार गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार रात कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयरलैंड पर 1-0 की करीबी जीत के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के भुवनेश्वर चरण का समापन किया।

गुरजंत सिंह 60वें मिनट में भारत की ओर से एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी थे। भारत ने मैच में आक्रमण शुरुआत की। उन्हें मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर तीसरे मिनट में मिला, लेकिन हरमनप्रीत की ड्रैग-फ्लिक को आयरिश डिफेंडर ने पोस्ट के पास बचा लिया। आयरलैंड ने जवाबी हमला किया, हालांकि 11वें मिनट में मैथ्यू नेल्सन का शॉट गोलपोस्ट से बाहर चला गया।

शुरुआती क्वार्टर 0-0 पर समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत शांत रही। दोनों टीमों ने एक-दूसरे की रक्षापंक्ति को भेदने की कोशिश की मगर असफल रहे। दूसरे क्वार्टर के अधिकांश समय में भारत के पास गेंद पर बेहतर कब्जा था। उन्होंने संभावित गोल करने के मौके बनाए और क्रमश: 20वें और 24वें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए, लेकिन एक आयरिश रक्षा ने मेजबान टीम को गोल करने से रोक दिया, इस प्रकार पहला हाफ 0-0 के गतिरोध पर समाप्त हुआ।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने गेंद पर अपना दबदबा बनाए रखा, मगर आयरिश सर्कल के अंदर जगह बनाने में असफल रहा। भारत ने गोल करने के कई अवसर बनाए, लेकिन आयरिश रक्षापंक्ति ने उसे विफल कर दिया। भारत ने अंतिम क्वार्टर की शुरुआत में तत्परता दिखाई और तुरंत पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन हरमनप्रीत की ड्रैग-फ्लिक को आयरिश गोलकीपर ने नकार दिया। 51वें मिनट में उन्हें फिर पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन वे मौके का फायदा नहीं उठा सके। भारत ने आयरिश डिफेंस पर दबाव बनाना जारी रखा और 60वें मिनट में उनके प्रयासों का फल मिला।

मेजबान टीम ने आखिरकार गुरजंत के फील्ड गोल के जरिए गतिरोध तोड़ दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब एफआईएच हॉकी प्रो लीग के अपने रिटर्न मैच खेलने के लिए राउरकेला जाएगी। भारत राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में 19 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह के घर चोरी

नई दिल्ली, 17 फरवरी। पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह के घर पर चोरी की वारदात हुई है। इसमें चोरों ने नगदी और ज्वेलरी पर लंबा हाथ मारा है। युवराज के पंचकूला वाले से चोरी की वारदात सामने आई है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर के घर पर होने वाली चोरी हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों की सुरक्षा के बारे में चिंता पैदा करती है। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज युवराज सिंह के घर पर चोरी की वारदात हुई है। इसमें चोरों ने नगदी और ज्वेलरी पर लंबा हाथ मारा है। युवराज के पंचकूला वाले से चोरी की वारदात सामने आई है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर के घर पर होने वाली चोरी हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों की सुरक्षा के बारे में चिंता पैदा करती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक युवराज की मां ने बताया कि सितंबर, 2023 से वो गुड़गांव वाले घर पर थीं। फिर 5 अक्टूबर 2023 को एमडीसी घर लौटने पर उन्हें पहली बार पता चला की उनकी आलमारी से कैश और गहने गायब हैं। पूर्व बल्लेबाज की मां शबनम सिंह के मुताबिक, करीब 75 हजार कैश और ज्वेलरी के कई आइटम बंद अल्मारी से चोरी हुए हैं। चोरी का शक घर में काम करने वाले दो पुराने सदस्यों पर हैं, जिन्होंने दिवाली के समय अचानक काम छोड़ दिया था।

ज्योति ने 60 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार के साथ स्वर्ण जीता

नई दिल्ली, 17 फरवरी। ज्योति याराजी ने शनिवार को एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ में 8.12 सेकेंड का समय लेकर अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सौ मीटर बाधा दौड़ में 2022 एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ने पिछले साल इसी स्पर्धा में 8:13 सेकेंड का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकाला था। भारतीय धाविका ज्योति याराजी ने शनिवार को एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ में 8.12 सेकेंड का समय लेकर अपने ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करते हुए स्वर्ण पदक जीता। सौ मीटर बाधा दौड़ में 2022 एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ने पिछले साल इसी स्पर्धा में 8:13 सेकेंड का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकाला था। वह तब उपविजेता रही थीं।

इससे पहले 24 साल की इस एथलीट ने 8:22 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट में शीर्ष स्थान के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल में उन्होंने जापान की असुका टेरेडा (8.21 सेकेंड) से काफी बेहतर प्रदर्शन किया। हांगकांग की लुई लाई यियू (8:26 सेकेंड) ने तीसरा स्थान हासिल किया। ज्योति 100 मीटर बाधा दौड़ में मौजूदा एशियाई आउटडोर चैंपियन हैं। उन्होंने पिछले साल बैंकॉक में खिताब जीता था। उन्होंने हांगझोउ एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था।

भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में

सेलांगोर (मलेशिया), 17 फरवरी। भारतीय महिला टीम ने अपनी युवा प्रतिभाओं के दम पर शनिवार को यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान को 3-2 से हराकर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के अपने पहले फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा यह भारतीय बैडमिंटन के लिए गर्व का क्षण है। युवाओं ने इस अवसर पर आगे बढ़कर और पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर सफलता और इतिहास में योगदान देकर चयन को सही ठहराया है।

टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार अंतिम चार चरण में पहुंचने के बाद महिलाओं को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु से मजबूत शुरुआत की जरूरत थी लेकिन चीजें योजना के मुताबिक नहीं हुईं। सिंधु ने अया ओहोरी के खिलाफ मजबूत शुरुआत की लेकिन एकाग्रता में गिरावट के कारण जापानी खिलाड़ी को शुरुआती गेम जीतने में मदद मिली। दूसरे गेम की शुरुआत तक भारतीय स्टार शटलर ने लगातार नौ अंक गंवाए।

उन्होंने नौ अंक बनाकर 10-19 से 19-19 का स्तर बराबर कर लिया। वह एक मैच प्वाइंट बचाने में सफल रही लेकिन लय बरकरार नहीं रख सकी और 21-13, 22-20 से हार गई। ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की युवा जोड़ी के सामने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी को पछाड़ने की कठिन चुनौती थी। नामी मात्सुयामा और चिहारू शिदा की ड़ी ने टीम को दौड़ में बनाए रखा और दोनों जोड़ियों के बीच तीसरी भिड़ंत में उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। ट्रीसा और गायत्री ने शुरुआती गेम जीतकर शुरुआत की लेकिन जापानियों के अनुभव ने निर्णायक गेम को मजबूर करने का रास्ता ढूंढ लिया। निर्णायक गेम में उन्होंने एक बार फिर अपनी पकड़ बनाई और 19-13 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि उनके अधिक अनुभवी विरोधियों ने उन पर फिर से दबाव बना दिया। युवा भारतीय संयोजन ने स्कोर 19-19 से बराबर होने के बावजूद हिम्मत नहीं हारी और फिर अपने दूसरे मैच प्वाइंट को 21-17, 16-21, 22-20 से जीत लिया।

इसके बाद अश्मिता चालिहा ने मौके का फायदा उठाया और अपने आक्रामक प्रदर्शन के दम पर पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा को 21-17, 21-14 से हराकर भारतीयों को आगे कर दिया। सिंधु, जिनके कंधों पर दूसरा युगल खेलने की जिम्मेदारी भी थी, ने अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाई लेकिन यह जोड़ी दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रेना मियाउरा और अयाको सकुरामोटो के खिलाफ 14-21, 11-21 से हार गई। हालांकि बाद में अनमोल खरब ने नात्सुकी निदाइरा को 21-14, 21-18 से हरा कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।फाइनल में भारत का मुकाबला थाईलैंड से होगा, जिसने दूसरे सेमीफाइनल में इंडोनेशिया को 3-1 से हराया।

सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पाने वाले खिलाड़ियों को जय शाह की चेतावनी

रणजी मैच नहीं खेलने के गंभीर प्रभाव होंगे

नई दिल्ली, 17 फरवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने रणजी ट्रॉफी 2024 नहीं खेल रहे खिलाड़ियों को चेतावनी दी है। शाह ने शुक्रवार को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट हासिल कर चुके सितारों और इंडिया-ए के उन खिलाड़ियों को लेटर लिखा है, जो स्टेट टीम से खेलने के बजाय की तैयारी में लगे हैं।

इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, शाह ने लेटर में लिखा कि नेशनल टीम में सिलेक्शन के लिए डोमेस्टिक क्रिकेट अभी महत्वपूर्ण मापदंड बना हुआ है। इसमें हिस्सा नहीं लेने के गंभीर परिणाम होंगे। चेतावनी जारी करने की वजह डोमेस्टिक रेड-बॉल क्रिकेट पर को प्राथमिकता देने वाले खिलाड़ियों का व्यवहार चिंताजनक है। शाह ने लिखा- हाल ही में एक कुछ ऐसी चीजें सामने आई है, जो चिंता की वजह है। कुछ खिलाड़ियों ने डोमेस्टिक क्रिकेट पर को प्राथमिकता देना शुरू कर दिया है।

यह एक ऐसा बदलाव है जिसकी उम्मीद नहीं थी। डोमेस्टिक क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा है। डोमेस्टिक क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है और टीम इंडिया के लिए फीडर लाइन के रूप में कार्य करता है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही क्लियर रहा है। टीम इंडिया के लिए खेलने के इच्छुक हर प्लेयर को डोमेस्टिक क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा। डोमेस्टिक क्रिकेट में परफॉर्मेंस सिलेक्शन के लिए एक महत्वपूर्ण पैमाना बना हुआ है और डोमेस्टिक क्रिकेट में हिस्सा न लेने के गंभीर प्रभाव होंगे।

पीएम मोदी और सचिन ने अश्विन को 500 विकेट की उपलब्धि पर बधाई दी

नई दिल्ली, 17 फरवरी। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, "रविचंद्रन अश्विन को 500 टेस्ट विकेट लेने की असाधारण उपलब्धि पर बधाई। उनकी यात्रा और उपलब्धियां उनके कौशल और दृढ़ता का प्रमाण हैं। वह आगे और उपलब्धियां हासिल करें, उन्हें मेरी शुभकामनायें।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 500 टेस्ट विकेट लेने की असाधारण उपलब्धि के लिए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा की। अश्विन शुक्रवार को राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गये।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, "रविचंद्रन अश्विन को 500 टेस्ट विकेट लेने की असाधारण उपलब्धि पर बधाई। उनकी यात्रा और उपलब्धियां उनके कौशल और दृढ़ता का प्रमाण हैं। वह आगे और उपलब्धियां हासिल करें, उन्हें मेरी शुभकामनायें।"

अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे ऑफ स्पिनर बने और कुंबले के बाद भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने हुए हैं। कुंबले ने अपने करियर में 619 विकेट झटके हैं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अश्विन को 'लाखों में एक' गेंदबाज करार दिया। तेंदुलकर ने 'माइक्रो ब्लॉगिंग' साइट पर कहा, "लाखों में एक गेंदबाज के लिए 500 टेस्ट विकेट। अश्विन (विन) द स्पिनर (नर) में हमेशा एक 'विनर' (विजेता) होता है। टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट बड़ी उपलब्धि है। बधाई हो चैम्पियन।"

अश्विन के समकालीन और आस्ट्रेलियाई ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा, "ऐश बस इतना कहना चाहता था कि 500 टेस्ट मैच विकेट लेने के लिए बहुत बधाई। आपकी यात्रा अविश्वसनीय रही है। आप यहां तक पहुंचे हो, उसके लिए मेरे पास सम्मान के अलावा कुछ नहीं है। आपके खिलाफ प्रतिस्पर्धा करना अद्भुत है लेकिन आपसे सीखा भी। बधाई हो।"

किसानों के आंदोलन के बीच शॉटगन निशानेबाजों के पटियाला में होने वाले ओलंपिक ट्रायल पर संशय

नई दिल्ली, 17 फरवरी। कई शॉटगन निशानेबाजों ने कहा कि किसानों के आंदोलन के बीच सड़क मार्ग से उनके लिये बंदूक और गोली' ले जाना सुरक्षित नहीं होगा। राज्य (पंजाब) की सीमा बंद होने के कारण चंडीगढ़ के लिए हवाई किराया आसमान छू रहा है। किसान आंदोलन और अंतरराज्यीय यात्रा पर लगाए गए प्रतिबंधों के मद्देनजर 150 से अधिक शॉटगन निशानेबाज इस महीने के अंत में पटियाला में प्रस्तावित राष्ट्रीय ओलंपिक ट्रायल में भाग लेने को लेकर ऊहापोह की स्थिति में हैं।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस मसले का हल निकालने के लिए दो बैठकें की हैं लेकिन 'व्यस्त कार्यक्रम' और आम चुनाव की घोषणा के अंदेशे के बीच तीसरे चयन ट्रायल के लिए स्थान या तारीखों में अभी तक कोई बदलाव नहीं किया है। एनआरएआई ने 22 जनवरी को एक बयान में कहा था कि 25 फरवरी से दो मार्च तक पटियाला के 'मोती बाग गन क्लब रेंज' में आयोजित होने वाले चयन ट्रायल में प्राप्त अंकों को 'पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए टीमों के चयन के लिए विचार किया जाएगा'।

इस चयन ट्रायल को लेकर पीटीआई ने जिन कई शॉटगन निशानेबाजों से बात की। उन्होंने कहा कि किसानों के आंदोलन के बीच सड़क मार्ग से उनके लिये बंदूक और गोली' ले जाना सुरक्षित नहीं होगा। राज्य (पंजाब) की सीमा बंद होने के कारण चंडीगढ़ के लिए हवाई किराया आसमान छू रहा है। एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह से जब पूछा गया कि क्या परिस्थितियों को देखते हुए महासंघ पटियाला में ट्रायल आयोजित करने में सक्षम होगा, उन्होंने कहा, "यह एक बहुत ही कठिन सवाल है। लेकिन क्या कैलेंडर (निशानेबाजी का सालाना कार्यक्रम), चुनावों को देखते हुए क्या हमारे पास कोई विकल्प है। हमारे पास बहुत कम समय है।" यह पूछे जाने पर कि क्या ट्रायल को जयपुर के जगतपुरा रेंज या दिल्ली के करणी सिंह रेंज में स्थानांतरित किया जा सकता है।

हिमाचल में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बड़ा तोहफा

शिमला, 17 फ़रवरी। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ओलंपिक में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण जीतने पर पुरस्कार राशि बढ़ाकर तीन से पांच करोड़ रुपये करने की घोषणा की। रजत पदक जीतने पर दो की जगह तीन तीन करोड़ और कांस्य पदक जीतने पर खिलाड़ी को एक की जगह अब दो करोड़ मिलेंगे। इसी तरह एशियाई खेलों में स्वण पदक जीतने पर पुरस्कार राशि से 50 लाख से बढ़ाकर चार करोड़, रजत पर 30 से 2.50 करोड़ और कांस्य पदक जीतने पर 20 लाख से 1.50 करोड़ रुपये करने की घोषणा की। कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक पर 50 लाख की जगह तीन करोड़, रजत पर 30 लाख की जगह दो करोड़ व कांस्य पर 20 लाख की जगह एक करोड़ रुपये मिलेंगे। टीम स्पर्धा में पुरस्कार विजेताओं को प्रतिनिधित्व के आधार पर पुरस्कार राशि दी जाएगी। राज्य से बाहर 200 किलोमीटर की दूरी तक खेल स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को एएसी श्री टायर का किराया तथा 200 किलोमीटर से अधिक दूरी के स्थानों पर जाने के लिए इकॉनोमी क्लास एयर फेयर दिया जाएगा। सरकारी विभागों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विभिन्न पदों पर तीन प्रतिशत खेल कोटा के तहत सम्मिलित वर्तमान 43 खेलों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। प्रारंभिक शिक्षा स्तर के खिलाड़ियों को प्रदेश में होने वाली खेलों में भाग लेने पर 250 रुपये प्रतिदिन डाइट मनी दी जाएगी। अन्य सभी खिलाड़ियों को प्रदेश में होने वाली खेलों में भाग लेने पर 400 रुपये प्रतिदिन डाइट मनी मिलेगी। सभी खिलाड़ियों को प्रदेश के बाहर होने वाली खेलों में भाग लेने पर समान रूप से 500 रुपये प्रतिदिन डाइट मनी दी जाएगी।